**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 06 अप्रैल 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंचकूला जिले में अटल पार्क और अटल चौक का शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नये बुलन्दियों को छू रहा है।
- भारतीय जनता पार्टी ने आज अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया।
- पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय जननायक चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया।
- हरियाणा में रामनवमी का त्यौहार पूरी श्रद्धा से मनाया गया।

**********************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर पंचकूला जिले में अटल पार्क और अटल चौक का शिलान्यास किया। अटल चौक  माता मनसा देवी परिसर से सुखना झील जाने वाले मार्ग पर बनाया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री ने बताया** -

उन्होंने कहा कि पार्क के मध्य में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की धातु से बनी बडी प्रतिमा लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल चौक व अटल पार्क के निर्माण पर  लगभग 16 करोड रूपये की राशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि अटल चौंक का कुल व्यास 40 फुट होगा। चौक के मध्य में धौलपुर पत्थर का कमल का फूल बनाया जाएगा। इस पर लगभग साढ़े 46 लाख रूपये की राशि खर्च

होगी। इसी प्रकार 2 एकड़ से अधिक भूमि पर बनाए जाने वाले अटल पार्क को रमणीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पर कुल 15 करोड रूपये की राशि खर्च होगी और यह पार्क लगभग 9 माह में बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्क में 13 विभिन्न तरह की वाटिकाएं भी बनाई जाएंगी, जिनमें वन्य जीव, सुगंध, आयुर्वेदिक, सांस्कृतिक, कलाकृति और विज्ञान वाटिका शामिल हैं।

***************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने आज अपना 46 वां स्थापना दिवस मनाया। पंचकूला के सकेतड़ी स्थित पार्टी कार्यालय पंचकमल में हवन यज्ञ किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा अटल सभागार का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और बंतो कटारिया सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा -

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने सभी को रामनवमी की बधाई भी दी।

***************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत गति से आगे बढ़ रहा है और नई बुलंदियों को छू रहा है। पंचकूला में पार्टी कार्यालय 'पंचकमल' को प्रदेश कार्यालय बनाए जाने के अवसर पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा -

सरकारी विद्यालयों में पुस्तकें न मिलने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबों का टेंडर हो चुका है और जल्द ही पुस्तकें विद्यालयों में पहुंचाई

जाएंगी। निजी विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाली पुस्तकों को लेकर कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। किताबों की आड़ में उनका शोषण न हो इसका ध्यान रखा जाएगा। रणदीप सिंह सुरजेवाला के हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को हटाने के आरोप पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हर उस युवा को सुरक्षित किया गया है जिसका 5 साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। किसी को भी हटाया नहीं जा रहा। उन्होंने कहा कि विपक्ष गुमराह कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा जो हटाए है उसका कारण विभाग से पता किया जाएगा। हरियाणा में वक्फ की संपति की जांच पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में घोषणा अनुसार समिति का गठन किया गया है। समिति जांच करेगी।

**************************************************************

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।**

**************************************************************

पलवल जिला कार्यालय पर भी आज भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया। पार्टी कार्यालय पर हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम द्वारा पार्टी का झंडा फहराया गया। इस अवसर पर उनके साथ जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला सहित पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा --

उन्होंने कहा कि पार्टी सब को साथ लेकर चल रही है और वक्फ संशोधन विधेयक का पारित होना मुसलमानों के हक में है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को अमली जामा पहनाने के लिए सब को मिल कर काम करना होगा।

कुरुक्षेत्र, अंबाला सहित विभिन्न स्थानों से पार्टी का स्थापना दिवस मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

************************************************************

हरियाणा और दिल्ली में आज पूर्व उप प्रधानमंत्री जननायक चौधरी देवीलाल की 24वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और पूर्व उपप्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित स्वर्गीय चौ. देवीलाल की समाधि संघर्ष स्थल पर आयोजित किया गया। इससे पहले इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने संसद भवन स्थित चौधरी देवीलाल की मूर्ति पर भी जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। संघर्ष स्थल पर अपने संबोधन में अभय सिंह चौटाला ने कहा कि स्वर्गीय चौ. देवीलाल ने सदैव किसान, मजदूर और कमेरों के हकों के लिए आवाज बुलंद की और प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते उन्होंने छत्तीस बिरादरी और खासकर शोषित वर्ग के लोगों के उत्थान वाली नीतियां बनाई।
भिवानी में लोहारू रोड़ स्थित चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

************************************************************

आज हरियाणा और चंडीगढ़ सहित देश भर में राम नवमी श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई। अंबाला जिले के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। अंबाला छावनी के सनातन धर्म मंदिर में हवन यज्ञ के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इसी प्रकार अंबाला शहर के माता अंबिका देवी मंदिर में भी रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया यहां पर हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेक मन्नतें मांगी ।जिला अंबाला के

मुलाना स्थित बाला सुंदरी मंदिर में भी रामनवमी का त्यौहार श्रद्धा के साथ मनाया गया। कुरक्षेत्र और चंडीगढ़ से भी राम नवमी मनाए जाने के समाचार मिले हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए।

*****************************************************************